हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 8 जून 2025

तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 30 डिग्री

13 स्पोर्ट्स परेड में 150 पुलिसकर्मियों ने दिखाया दम



14 रेत माफियाओं ने महानदी को खोदकर बना दिया तालाब ...



[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

## खबर संक्षेप

### दानीटोला में फिर चला चाकू, युवक गंभीर

**धमतरी।** शुक्रवार की रात्रि दानीटोला में हुई चाकूबाजी की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे उपचार के लिए रायपुर भेजा गया है।



■ उपचार के लिए रायपुर रिफर, आरोपी फरार

महिमासागर वार्ड में गुरूवार की रात्रि मामूली बात पर हुई चाकूबाजी की घटना में युवक की मौत होने के मामले को पुलिस सुलझाकर ही हटी थी कि 24 घंटे के भीतर दानीटोला में फिर चाकूबाजी की घटना हो गई। दानीटोला के बैगापारा में शुक्रवार की रात्रि विकास ध्रुव पिता बल्लूराम उम्र 21 वर्ष के पेट में दो लोगों ने चाकू घोंप दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल लाया गया। घायल की गंभीर हालत को देख डाक्टर ने उसे उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया। घायल युवक को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं चाकू मारने के बाद आरोपी मौके से भाग गए। युवक पर चाकू से हमला करने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### सभी 8 ओवरहेड टैंक की सफाई 14 जून से



**धमतरी।** जल विभाग के अध्यक्ष एवं एमआईसी मेंबर अखिलेश सोनकर ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नगरनिगम सभी ओवरहेड टैंक की सफाई साल में दो बार करता है। इस वर्ष भी महापौर के निर्देशानुसार 15 जून से पहले सभी 8 ओवरहेड टंकी की सफाई विशेषज्ञ कर्मचारियों द्वारा शुरू की जाएगी तथा सप्ताह भर के अंदर कंप्लीट कर ली जाएगी। इसके बाद फिल्टर प्लांट की सफाई की जाएगी ताकि लोगों को साफ, स्वच्छ, शुद्ध पानी मिलता रहे। श्री सोनकर ने बताया कि टैंकों की सफाई वैज्ञानिक तरीके से की जाती है जिसके लिए बाहर के विशेषज्ञ टीम को बुलाया जाता है। सभी ओवरहेड टैंक की सफाई 14 जून से चालू की जाएगी जिसे सात दिन में कंप्लीट कर लिया जाएगा। सफाई के दौरान उसे क्षेत्र में कुछ समय के लिए पानी सप्लाई बंद रहेगी।

### नशाखोरी और अपराध को बढ़ावा दे रही भाजपा सरकार : गीतराम

**धमतरी।** शहर में बढ़ते अपराध के ग्राफ को लेकर युवा नेता गीतराम सिन्हा ने एक बार फिर साय सरकार को निशाने पर लिया है।



आगे कहा कि 18 महीनों की यह सरकार कानून व्यवस्था कायम रखने में नाकाम साबित हुई है। शहर में चाकूबाजी से कई हत्याएं हो चुकी हैं। व्यापारियों पर दिनदहाड़े गोली चलाई जा रही है। शहर से कानून का भय खत्म हो गया है। शराबबंदी का झूठा वादा लेकर प्रदेश में सरकार बनाने वाली प्रदेश की भाजपा की साय सरकार आज जगह-जगह शराब दुकान एवं शराबियों के लिए सर्वसुविधा युक्त अहाता केंद्र संचालित कर रही है। अवैध शराब और प्रतिबंधित नशाओं के सेवन से आज शांतिप्रिय धमतरी बढ़ते अपराध के लिए पहचाना जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की।

## खनिज माफिया को कार्रवाई का डर नहीं, महानदी से अंधाधुंध हो रही रेत की निकासी

# सामने अवैध खदान का बोर्ड, अंदर सैकड़ों ट्रैक्टर हो रहे लोड

**केस 1**

अमेठी में रेत घाट के सामने जिला प्रशासन का बोर्ड लगा है, जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि इस खदान से अवैध रेत निकालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। 2-5 साल तक कारावास भी हो सकता है। इसके बाद भी खदान में रोज सैकड़ों गाड़ियां लोड हो रही हैं।

**केस 2**

कोलियारी रेत खदान के रास्ते को खोदकर खनिज विभाग ने कार्रवाई थी। यह कार्रवाई एक बार नहीं बल्कि दो से तीन बार की जा चुकी है। इसके बाद भी यह रेत खदान बंद नहीं हुई। यहां पर लोडिंग चार्ज कम होने के कारण रोजाना बड़ी संख्या में गाड़ियां पहुंच रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खनिज विभाग ने खदानों का रास्ता खोदकर अवैध खदानों पर कार्रवाई और प्रतिबंध का बोर्ड लगाकर मटेरियल सप्लायरों को चेतावनी दी है कि वे अवैध रूप से परिवहन न करें। इस चेतावनी का जरा भी असर नहीं हो रहा है। रेत खदानों में बदस्तूर अवैध उत्खनन और परिवहन का दौर जारी है। उधर खनिज विभाग की कार्रवाई भी सुस्त है।

जिले में अवैध रेत खदानों की बाढ़ गई है। अछोटा से लेकर दोनर तक कई जगहों पर महानदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग कभी कभार निकलकर कार्रवाई करता है। ऐसे में खनिज विभाग की कार्रवाई का असर होता नजर नहीं आ रहा है।





### बुरे फंसेंगे परिवहनकर्ता

शहर और आसपास के क्षेत्र में रेत का परिवहन ट्रैक्टरों के माध्यम से होता है। ट्रैक्टर संचालक आसपास की खदानों से ही रेत निकालते हैं। ट्रैक्टरों से लोडिंग के लिए आसपास एक भी रेत खदान वैधानिक रुप से स्वीकृत नहीं है। ऐसे में ट्रैक्टर संचालक अवैध खदानों से रेत निकालते हैं। अवैध खदानों में भी ट्रैक्टर संचालक शुल्क पटाकर रेत निकालते हैं। विडंबना यह है कि जब भी कार्रवाई होती है, अवैध रेत खदान संचालक और वसूली करने वाले बच निकलते हैं। ट्रैक्टर संचालक, ड्राइवर, मजदूर ही चपेट में आते हैं।

### नियमों का हो सख्ती से पालन

वैध रूप से खदानों को संचालित कर अवैध रेत निकासी पर कड़ी कार्रवाई से रेत का गोरखधंधा रूक सकता है। शहरवासी नीलकंठ जगताप, राजेश साहू का कहना है कि खदानों को वैध करके वहां से सिर्फ ट्रैक्टर लोडिंग दी जाए और अवैध रेत खदान से रेत निकालने वाले और अवैध रेत खदान चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तो इससे शासन को लाभ होगा साथ ही उपभोक्ताओं को भी नियत दर पर रेत उपलब्ध हो पाएगी।

वर्तमान में शहर से लेकर पूरे जिले में भवन निर्माण आदि कार्य जोरों पर है। ऐसे में रेत की डिमांड भी काफी अधिक है। ऐसे में प्रतिबंध को ठेंगा दिखाकर रेत माफिया महानदी में जहां भी जगह मिल रही है, रेत निकाल रहे हैं। कोलियारी और अमेठी रेत खदान में तो रोजाना चार सौ ट्रैक्टर ट्रीप से ज्यादा रेत निकाली जा रही है। ये खदान पूरी तरह से अवैध है और खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए इन खदानों के प्रवेश मार्ग पर अवैध रेत खदान होने का सूचना बोर्ड लगा दिया है, साथ ही चेतावनी दी गई है कि इन खदानों में अवैध उत्खनन और परिवहन करते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आरोपी को 2-5 साल जेल की सजा भी दी सकती है।

## घासफूस, गाद, जलकुंभी के साथ प्लास्टिक झिल्ली, लकड़ी, लोहे के टुकड़े को बाहर निकाला

# चेन माउंटेन, जेसीबी से सोरिद नाले की हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर पालिक निगम के महापौर रामू रोहरा व कमिश्नर प्रिया गोयल के निर्देश के बाद निगम टीम पिछले एक माह से शहर की नालियों एवं नाले की वृहद स्तर पर सफाई करने जुट गई है ताकि बारिश में शहर में जलभराव न हो और बरसाती पानी आसानी से बाहर निकल सके। प्रथम चरण में छोटी नालियों एवं शहर के अंदर बड़े नालों की सफाई की गई। इसके बाद बाकरा नाला, दीक्षित नाला, पीडी नाला की जेसीबी, चेन माउंटेन मशीन, एयरप्रेशर मशीन, वैक्यूम क्लीनर मशीन से सफाई की गई। रोजाना पांच ट्रैक्टर कचरा प्लास्टिक, झिल्ली आदि निकाला गया।

शनिवार को सोरिदनाला की सफाई में जुटी निगम टीम ने कई टन कचरा बाहर किया। नाला में फंसे प्लास्टिक, सीमेंट बोरी, लकड़ी के टुकड़े, कांच, दवाइयों की खाली बोतल, डिस्पोजल, झिल्ली, पैकेट रैपर को निकाला गया। नाला में 5-5 फीट तक उगी घासफूस, गाद, जलकुंभी भी बाहर निकाला गया। स्वास्थ्य अधिकारी व मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा व टीम के सदस्यों ने बताया कि सफाई करने टीम नाले में उतरी थी। सफाई के दौरान 5-5 फीट का लंबा सांप भी निकला जिसे पकड़कर सुरक्षित स्थानों में छोड़ा गया। वाटरप्रूफ जैकेट व दास्ताने पहनकर गाद, जलकुंभी, घासफूस को जड़ से उखाड़कर बाहर फेंका गया। मलबे से अटे पड़े नाले में पानी का बहाव रूक गया था। ऐसा लग रहा था कि सालों से नाले की सफाई नहीं हुई है। 500 से 600 मीटर, 10 फीट नाले की सफाई में कर्मचारी दिनभर जुटे रहे। तेज गर्मी और उमस में भी कर्मचारियों का मनोबल नहीं टूटा।

सफाई का जायजा लेने महापौर स्वयं सफाई स्थल पर पहुंचे और घंटों रहकर सफाई करने निर्देश देते रहे। उन्होंने आम नागरिकों से आग्रह किया कि नाला में कचरा, प्लास्टिक के अवशेष व अन्य सामान न डाले, कचरा नियत स्थान में ही डाले।

# आरटीई में बढ़ेगी मुफ्त की सीटों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अब आरटीई के तहत भरपूर संख्या में छात्रों को आवेदन दिया जा सकेगा। पिछले कुछ साल से स्कूलों में दर्ज संख्या की 25 प्रतिशत सीट ही आरटीई के तहत सुरक्षित रखी जाती थी। अब इसे बदलकर स्कूल की क्षमता का 25 प्रतिशत आरटीई के तहत रिक्त रखने का निर्देश दिया गया है। यह नियम दूसरे चरण की लॉटरी से ही लागू कर दिया जाएगा। इस बदलाव पर छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बड़े और नामी-गिरामी प्राइवेट स्कूल आरटीई के तहत गरीब और दुर्बल वर्ग के छात्रों को एडमिशन देने में आनाकानी करते हैं। उनके ही प्रभाव से आरटीई के नियम में बदलाव कर दिया गया था। आरटीई के नियम में स्पष्ट है कि स्कूलों की क्षमता की 25 प्रतिशत सीट आरटीई के तहत रिजर्व रखी जाएगी। इस नियम को दरकिनार की सीटें निर्धारित की जा रही थीं। इससे लगातार आरटीई प्रवेश की संख्या घट रही थी। स्थिति को देखते हुए राज्य शासन ने फिर से स्कूलों की नहीं कई ऐसे भी नियम बनाए हैं, जिससे आरटीई की मुफ्त सीटों में वृद्धि होगी। छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के वर्षों से आरटीई पोर्टल में जो विसंगति थी, उसे दूर किया है। इसके लिए जिला स्तर पर सभी निजी विद्यालय संगठन प्रयास कर रहा था।

### पुराना नियम फिर लागू और भी कई सकारात्मक परिवर्तन




### छोटी-छोटी चूक पर नहीं होगा आवेदन निरस्त

आरटीई में देखा गया है कि आवेदन में छोटी मोटी त्रुटियों के चलते भी आवेदनों को निरस्त कर दिया जाता था। करीब 20 प्रतिशत आवेदन ऐसी ही समस्याओं के चलते निरस्त हो जाते थे। अब ऐसा नहीं होगा। जो त्रुटियां पालकों को बुलाकर दूर की जा सकती हैं, उन आवेदनों को निरस्त करने की बजाय उसे सुधारा जाएगा। जिन स्कूलों में नर्सरी और कक्षा पहली दोनों में प्रवेश दिया जाता है वहां पर नर्सरी से प्रमोट होकर पहली कक्षा में जाने वाले छात्रों की संख्या को घटाकर आरटीई की सीटों को डिस्प्ले किया जाएगा।

### होगी कार्रवाई

आरटीई के दूसरे चरण में इन नियमों का पालन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार स्कूलों में यू डाइस के आधार पर दर्ज संख्या या स्कूल की क्षमता, दोनों में से जो ज्यादा है, उसका 25 प्रतिशत आरटीई के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। जिन स्कूलों में आगे की कक्षाओं में दो तीन सेक्शन चलते हैं। वहां पर उन कक्षाओं के आधार पर शुरूआती कक्षाओं में आरटीई के तहत एडमिशन दिया जाएगा। आरटीई में डिस्प्ले की संख्या या अन्य चीजों में चूक मिलती है तो नोडल के खिलाफ कार्रवाई होगी। ज्यादा त्रुटि होने पर जिला शिक्षाधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# बिच्छू के डंक से सात साल की बच्ची की मौत

■ परसवानी की घटना, जामुन तोड़ने पेड़ पर चढ़ी थी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ी सात साल की बच्ची को बिच्छू ने डंक मार दिया। इस घटना में बच्ची की मौत हो गई। बिच्छू के डंक से मौत होने की यह दूसरी घटना है।

बारिश के मौसम में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ जाता है। खेत-खलिहान, पैरावट, पेड़ या घर में लोग अक्सर जहरीले जीवों की चपेट में आ जाते हैं। ज्यादातर लोग खेत में काम करते समय बिच्छू डंक या सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं। इन घटनाओं में तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल जाने से मरीज की जान बच जाती है। वहीं कुछ केस में मरीज की मौत हो जाती है। कुछ इसी तरह की घटना शुक्रवार को मगरलोड के ग्राम परसवानी में हुई। कु. खिलेश निषाद पिता रूपेश उम्र 7 वर्ष दूसरी कक्षा की छात्रा थी। शुक्रवार की दोपहर बच्ची अपने साथी बच्चों के साथ गांव के सड़क किनारे स्थित जामुन पेड़ पर जामुन तोड़ने के लिए गई थी। बच्ची पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रही थी। इसी दौरान बिच्छू ने बच्ची को डंक मार दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन बच्ची को उपचार के लिए मेघा अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर बच्ची को मगरलोड अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से भी रिफर किए जाने पर बच्ची को जिला अस्पताल लाया गया। यहां से रिफर कराकर बच्ची को मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार की रात्रि बच्ची की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### बिच्छू के डंक से दूसरी मौत

ज्ञात हो कि बारिश का सीजन लगने से पहले ही जिले में बिच्छू डंक से दो की मौत हो गई है। बीते दिनों ग्राम बानगर में खेत में काम कर रही महिला को बिच्छू ने डंक मार दिया था। घटना में महिला की मौत हो गई।

# अंधड़ के कारण वृद्धाश्रम की लाइट गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रूद्री स्थित वृद्धाश्रम की बिजली 24 घंटे से बंद हैं जिसके कारण वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शुक्रवार की शाम मौसम ने अचानक करवट लिया। तेज अंधड़ के साथ बारिश भी शुरु हो गई। अंधड़ के चलते कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए जिसके कारण विद्युत सप्लाई बार-बार बाधित होती रही। वहीं रूद्री में भी बिजली तार पर पेड़ गिर जाने से बिजली गुल हो जाने से क्षेत्र व वहां स्थित वृद्धाश्रम अंधेरे में डूब गया। वृद्धाश्रम रातभर अंधेरे में डूबा रहा। यहां रहने वाले बुजुर्गों ने किसी तरह रात तो काट लिया। उन्हें शनिवार तक बिजली आ जाने की उम्मीद थी, लेकिन शाम तक वृद्धाश्रम की बिजली नहीं आई। जिसके कारण यहां पानी की सबसे बड़ी समस्या हो गई। नदी से पानी लाकर निस्तारी करना पड़ गया। संबंधित विभाग को सूचना देने के बाद भी दिन में मरम्मत कार्य नहीं कराया। बुजुर्गजनों को बिजली व पानी की परेशानियों से सामना करना पड़ रहा है।

### बुजुर्गों को हो रही परेशानी



## उपभोक्ता आयोग ने वादी को दिलाया बीमाधन का लाभ

# नामिनी के नाम पर सेवा में कमी, परिवाद हुआ पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में सेवा में कमी के मामले में इंडिया फस्ट इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ फैसला सुनाया गया है।

■ मामला प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का

ग्राम सिलतरा तहसील भखारा निवासी चंदनपुरी गोस्वामी पिता स्व.प्रेमपुरी गोस्वामी ने अधिवक्ता ओपी चंद्राकर के माध्यम से परिवाद पेश किया था कि परिवादी की मां श्रीमती गुलेश्वरी गोस्वामी पति प्रेमपुरी गोस्वामी ने बैंक आफ बड़ौदा शाखा भखारा में बचत खाता खुलवाया था तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा पालिसी के अंतर्गत 1 जून 2021 को सम्मलित हुई। 14 मई 2023 को बीमा प्रीमियम की राशि 436 रुपए भुगतान कर बीमा पालिसी क्रय किया जिसकी अवधि 1 जून 2023 से 31 मई 2024 थी। परिवादीगण की मां की मृत्यु 14 जून 2023 को सामान्य रूप से हो गई। जिसके बीमाधन की मांग 7 अगस्त 2023 को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से विरोधी पक्षकारगण के कार्यालय में की गई, लेकिन समयावधि में आवेदन का निराकरण नहीं किया गया। जिस पर परिवादी ने अधिवक्ता के माध्यम से उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश किया।



इस मामले में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा भखारा ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि गुलेश्वरीबाई के निर्देश पर इंडिया फस्ट इंश्योरेंस कंपनी लि .मुंबई को बीमा प्रीमियम की राशि 436 रूपए अंतरित की गई थी। बीमाधन का दावा प्रस्तुत करने पर बैंकिंग नियमों के अनुरूप नामिनी न होने के कारण उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र मांगा गया था। उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र जारी करने का एकमेव अधिकार व्यवहार न्यायालय को है। परिवादी ने प्रमाण पत्र के खर्च और परिश्रम से बचने यह परिवाद पत्र प्रस्तुत किया है। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बीमाधन प्राप्त हो सकेगा। आगे की जिम्मेदारी बैंक की न होकर इंश्योरेंस कंपनी की है।

इंश्योरेंस कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि कंपनी भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है। परिवादी ने अनुचित लाभ उठाने की झूठी शिकायत की है। जीवन बीमा अनुबंध की राशि मृतिका के पति प्रेमपुरी को दी जानी है जो कि जीवित नहीं है। इस कारण परिवादी का सिविल न्यायालय से सक्सेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करने को कहा गया है। इस कारण आयोग को सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं है।

इस परिवाद में न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग धमतरी के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्रही, सदस्य सुश्री रूपा शर्मा, सदस्य अरविंदसिंह परिहार की बेंच ने फैसले में कहा है कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की आवश्यकता के संबंध में कोई नियम व शर्त एवं दस्तावेज पेश नहीं किया गया है। इंश्योरेंस कंपनी ने भी परिवादी को दावा निराकरण के लिए प्रेषित पत्र के अनुसार भी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र का उल्लेख नहीं किया है। आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि इंश्योरेंस कंपनी ने सेवा में निम्नता की है। आयोग ने परिवाद को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए परिवादीगण को 45 दिवस के अंदर 2 लाख रुपए अदा करने, जून 2024 से अंतिम वसूली तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज, मानसिक पीड़ा के लिए 20 हजार तथा वाद व्यय पर 5 हजार अदा करने का आदेश दिया।

# प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 13 को

**धमतरी।** जल जीवन मिशन के तहत पंचायतों द्वारा चिन्हित पात्र युवाओं को नलजल मित्र के तहत बहु कौशल प्रशिक्षण के लिए जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 13 जून को सुबह 10 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में काउंसिलिंग सह पंजीयन होगा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया है कि वे अपने जनपद क्षेत्र से पंचायतों में नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित पात्र ऐसे युवा, जिनका प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन्हें इस काउंसिलिंग सह पंजीयन के लिए उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### सरई वृक्ष की ग्रामीणों ने की पूजा-अर्चना

**नगरी।** पर्यावरण दिवस पर सरई (साल वृक्ष) की ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। कक्ष क्रमांक 255, वनखंड -उमरदरहा, वन परिक्षेत्र दुगली वन मंडल धमतरी में लगभग 400 से अधिक वर्ष का वृक्ष है। साल वृक्ष की पूजा अर्चना कर पुराने वृक्षों एवं प्राकृतिक से जुड़ी हुई चीजों को संरक्षित करने का संकल्प लिया। मौके पर सरपंच रामेश्वर मरकाम, पटवारी भूपेंद्र ध्रुव, वरुणदेव नेताम, चमनलाल सोरी, शिवा नेताम मौजूद थे।

### बोर गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक हुआ घायल, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** बाइपास रोड मनकेसरी के पास बोर गाड़ी के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल सवार युवक को टक्कर मार दिया, जिससे युवक को गंभीर चोट आई थी।



वहां से गुजरने वाले राहगीरों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद थाना पहुंचा और आरोपी वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे घोटिया निवासी 28 वर्षीय पंकज कुमार जैन पिता निर्भय जैन ने पुलिस को बताया कि मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन में काम करता हूँ। 25 मई को अपने काम से कांकेर आया था। सुबह करीबन 11 बजे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीसी 5589 को चलाते हुए बाईपास रोड से अपने घर ग्राम घोटिया जा रहा था।

## निधन

### रमा प्रजापति

**धमतरी।** श्रीराम नगर रुद्री निवासी रमा प्रजापति 70 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। वे जीआर प्रजापति की पत्नी, प्रशांत प्रजापति की मां और अंश प्रजापति की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन व नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### गंगा बाई पटेल

**धमतरी।** आमापारा अम्बा चौक निवासी गंगाबाई पटेल (64 वर्ष) पति स्व. नान्हूराम का शनिवार को दोपहर 3 बजे निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। वे धनराज, छन्नुराम, गणेश और राजेश पटेल की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 9.30 बजे गृहनिवास अम्बा चौक से शांतिघाट के लिए निकलेगी।



### फुटपाथी दुकानदारों, चारपहिया ठेले व अवैध बैनर पोस्टर हटाये गये

# अतिक्रमण के खिलाफ नगर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर पंचायत कुरुद द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की गई। नगर प्रशासन की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई के दौरान, नगर पंचायत ने टाउन एरिया सार्वजनिक स्थानों से लेकर शराब भट्ठी के अवैध खोमचे ठेले को हटाया गया, जिससे सड़कें और फुटपाथ खाली हो गए।

शनिवार को की गई नगर अन्य फुटपाथी दुकानदारों के वालों में हड़कंप मच गया। शहर के भीतर नगर प्रशासन की कार्रवाई को स्थानीय लोगों ने सराहा तो वहीं देशी शराब भट्ठी चर्चा रोड के पास कुछ लोगों ने आपत्ति दर्ज करते हुए हल्की नोक झोंक की। जिसे समझाइश देकर सीमित क्षेत्र में अपनी-अपनी दुकान लगाने की बात कही गई। बहरहाल नगर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाने की गई कारवाई से नगरवासी खुश हैं व अब जाम की स्थिति से निजात मिलने की उम्मीद जता रहे हैं।

### सड़क और फुटपाथों को सुगम बनाने की गई कार्रवाई

इस संदर्भ में विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने बताया कि यह कार्रवाई सार्वजनिक नगर के स्थानों पर अवैध अतिक्रमण को हटाने और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से की गई है। अतिक्रमण पर कार्रवाई का उद्देश्य नया बस स्टैंड, खेल मेला मैदान, केनाल रोड से देशी शराब दुकान चर्रा रोड के अलावा सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करना और सड़क और फुटपाथों को सुरक्षित और सुगम बनाना था।

# समूह की महिलाओं ने लिया लेखांकन जीएसटी और टीडीएस का प्रशिक्षण

- समापन कार्यक्रम में पहुंचे कलेक्टर, प्रशिक्षण अवधि बढ़ाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



स्वसहायता समूह की महिलाओं का रोजगार सृजन के उद्देश्य से बड़ौदा आरसेटी में 5 दिवसीय लेखांकन, जीएसटी, टीडीएस और आयकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा पहुंचे और प्रशिक्षणार्थी महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में दी गई जानकारी समूह की कार्यप्रणाली में शामिल करने में आसानी होगी। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा को प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण अवधि को बढ़ाने के लिए निवेदन किया गया। इस पर कलेक्टर ने सकारात्मक कार्रवाई करने आश्वस्त भी किया।

प्रशिक्षण में सीए आशुतोष मिश्रा ने जीएसटी पंजीयन की विधि और टीडीएस रिटर्न के प्रकार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वहीं लेखांकन प्रशिक्षक एसके पटेल ने बैंक समाधान विवरण व मूल्य ह्रास पर जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को दी और इसका अभ्यास भी कराया। सहाकारिता उपायुक्त प्रदीप ठाकुर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर निदेशक बड़ौदा आरसेटी अनिता टुडू, जिला सहकारी संघ के प्राधिकृत अधिकारी श्री साहू, एपी गुप्ता, सहकारी निरीक्षक एके मिश्रा, चार्टर्ड एकाउंटेंट आशुतोष मिश्रा, सहकारी प्रशिक्षण महाविद्यालय रायपुर के व्याख्याता एसके पटेल उपस्थित रहे। गौरतलब है कि छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत कलेक्टर श्री मिश्रा के दिशा-निर्देश पर जिला प्रशासन व सहकारिता विभाग के जिला सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत यह कार्यक्रम बड़ौदा आरसेटी भवन में आयोजित किया गया।

## साध्वी भारती से कर्णेश्वर धाम के सदस्यों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कर्णेश्वर धाम (सिहावा) महानदी सेवा संस्थान कर्णेश्वर धाम के प्रहरीगणों ने संस्था के संस्थापक एवं संरक्षक महंत साध्वी प्रज्ञा भारती दीदी से सोनपैरी में आयोजित कबीर दास जयंती समारोह एवं गौ ग्राम यात्रा के समापन समारोह में मुलाकात की। इस अवसर पर भारती दीदी ने छत्तीसगढ़ की गंगा चित्रोत्पल्ला गंगा महानदी मैया के पूजन एवं महाआरती के लिए गुरुपूर्णिमा के अवसर पर आने की बात कही।

मुलाकात के दौरान महानदी सेवा संस्थान उदगम कर्णेश्वर धाम के उपाध्यक्ष लोकेश सोनी, सहसचिव पंकज साहू, सहसचिव सूर्यांशु ठाकुर, नमन यादव, लक्की साहू, बलराम ध्रुव, दिनेश साहू, एस कुमार साहू, महाआरती प्रमुख पेमेन्द्र पटेल मौजूद थे।

## चटौद स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय हाईस्कूल चटौद में पौधरोपण किया गया। अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधे जरूरी है। ये हमें ऑक्सीजन, खाने के लिए फल, गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिये सबको पौधरोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। पौधरोपण सबकी जिम्मेदारी है। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ है।

इस अवसर पर सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेमचंद साहू, सदस्य गुलाब साहू, प्राचार्य एचआर मरकाम, व्याख्याता एसके कंवर, केपी साहू, प्रियंका शर्मा, आभा खरे, दयानंद वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत परिसर में जनप्रतिनिधियों ने रोपे पौधे

- प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता : रंजना
- आज पर्यावरण की रक्षा करेंगे तो आने वाली पीढ़ियां हमें धन्यवाद देंगी : अंगीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद पंचायत धमतरी के परिसर में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, जनपद अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू सहित जनपद सदस्यों व विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर उसके संरक्षण करने का संकल्प लिया।स्थानीय लोगों को पौधा भेंटकर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि यह दिन न केवल पर्यावरण की रक्षा के लिए हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है, बल्कि यह भी सिखाता है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। वनों की अंधाधुंध कटाई, जलस्रोतों का प्रदूषण, प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग और तेजी से बढ़ता प्रदूषण हमारे पर्यावरण को कमजोर कर रहा है। अधिक से अधिक पौधारोपण कर उन्हें संरक्षित कर आने वाली पीढ़ी को समर्पित करें जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो। जनपद अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें छोटे-छोटे कदमों से शुरुआत करनी होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती श्यामा साहू, भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू, जनपद सदस्य अनीता यादव, कैलाश देवांगन, भोथली मंडल अध्यक्ष मिश्री पटेल, पूर्व भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, पूर्व गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री जय हिन्दूजा, दिग्विजय सिंह कृदत्त, पूर्व जनपद सदस्य जागेंद्र साहू, गंगरेल मंडल महामंत्री हेमंत साहू सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं जनपद पंचायत धमतरी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पिता की स्मृति में बांटे गमलों के साथ पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

ग्राम डोमा में भूतपूर्व सरपंच डॉ. जोहितराम की स्मृति में उनके पुत्र प्रदीप कुमार, गायत्री साहू द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 501 गमलों एवं पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत देवेन्द्र साहेब करहीभदर आश्रम, ईशुराम गौंटिया जुनवानी व विशिष्ट अतिथि संत दिनेन्द्र साहेब, संत रमेश साहेब, श्री वर्मा, अमरदीप साहू, लीलाराम साहू, श्यामलाल साहू, मोतीलाल नगारची, लक्ष्मीनारायण बंजारे भूतपूर्व सरपंच, बृजभान साहू थे। संतों ने लोगों को पर्यावरण का महत्व बताया। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। आंतरिक प्रदूषण रूपी विकारों जैसे जीव हिंसा, दुर्व्यसन, छलकपट से दूर रहकर अपने जीवन को स्वस्थ एवं पवित्र बनाएं। आभार व्यक्त प्रदीप कुमार ने किया।

## डोंगरडुला में नाली की हुई सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत डोंगरडुला में बरसात से पहले ग्राम पंचायत द्वारा नाली की सफाई कराई जा रही है। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत द्वारा नाली निर्माण करा दिया जाता है किन्तु जागरूकता के अभाव में नाली कचरे से पट जाती है जिसके कारण जलभराव एवं बीमारी की स्थिति निर्मित होती है। सफाई कार्य में सरपंच स्मृति नेताम, उपसरपंच सुरेश साहू, पंच महेंद्र ध्रुव, जिनेंद्र ध्रुव एवं चमेली साहू का योगदान रहा।

## आठवीं तक पढ़ी-लिखी बिमला कर रहीं अतिरिक्त आय अर्जित

- मशरूम उत्पादन से लखपति दीदी बनने का सफर किया तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कहा जाता है कि खेती अपन सेती खेती को जितना कमाओ उतना सोना उगलेगा ही। हर मिट्टी की अपनी तासीर होती है, जिसमें फसल उपजाने में सहूलियत होती है। आर्थिक उपार्जन को बढ़ावा मिलती है। धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत देवपुर की रहने वाली श्रीमती बिमला साहू नव ज्योति कृषक अभिरुचि महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई है। डोंगेश्वर धाम महिला ग्राम संगठन के माध्यम से मशरूम उत्पादन एवं अन्य उत्पाद से आजीविका गतिविधियों को विस्तार दे रही हैं। आठवीं तक पढ़ी लिखी 49 वर्षीय श्रीमती बिमला साहू गृहणी से लखपति दीदी बनने की सफर तय की है। कामयाबी की परचम लहरा कर क्षेत्र के अन्य दीदीयों के प्रेरणा बनी हुई है। बिमला साहू अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए पहले परिवार पर आश्रित होती थी। वर्ष - 2023 में वह छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत लखपति दीदी योजना अंतर्गत परियोजना से जुड़ी। मशरूम उत्पादन के लिए विकासखंड एवं जिला टीम के माध्यम से समन्वय स्थापित कर तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया। मशरूम उत्पादन को कामयाबी का जरिया बनाया। प्रथम प्रयास में ही दो सौ बैग ओस्टर मशरूम तैयार किया। देखते ही देखते ओस्टर मशरूम उत्पादन से आमदनी के स्त्रोत बनते गए। मात्र तीन माह में ओस्टर मशरूम 150 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिक्री करने पर 24 हजार रुपए की आमदनी हुई। आय में वृद्धि होते देख बिमला साहू ने ओस्टर मशरूम के लिए 600 नग बैग तैयार किया । इससे 50 हजार रुपए की तिमाही आमदनी हो रही है।

उन्होंने आगे बताया कि मशरूम उत्पादन कर परिवार में आत्मनिर्भरता, आर्थिक समृद्धि आई। अपने आसपास के गांव की महिलाओं को भी मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबन की ओर प्रेरित कर रही हैं। इस कामयाबी से अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा तो कर रही हैं। इस तरह सालाना 1 लाख 26 हजार रुपए की कमाई करके लखपति दीदी भी बन गई है।

### सेवा के कार्यों को सामाजिक सरोकार से जोड़कर निभाना है राष्ट्र धर्म : प्रीतेश

# दर्री में तालाब किनारे किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के लिए समर्पण के रूप में विकसित भारत का अमृतकाल मानते हुए पूरे देश में एक अभियान चलाकर विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए विषयों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में भाजपा छग के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने ग्राम दर्री में तालाब किनारे पौधरोपण किया। इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि मोदीजी के गौरवशाली कार्यकाल को चिरस्थाई बनाने के लिए हम सबको सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए विषयों को जनता के बीच संपादित करना है। यही सच्चा राष्ट्र धर्म भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल युगों-युगों तक स्वर्ण युग के रूप में इतिहास में अमिट अक्षरों से लिखा जाएगा।

मौके पर पूर्व पार्षद राजेंद्र शर्मा, दयाराम साहू वरिष्ठ भाजपा नेता, हिरेंद्र साहू, जनपद सदस्य गीतेश्वरी निरंजन साहू , हिमांशु शेखर साहू सरपंच, निरंजन कुमार साहू, शिवकुमार साहू, ग्रामीण अध्यक्ष अशोक साहू, चोखे साहू, ललित साहू, देवघर साहू, योगेश केसरिया, भोला चक्रधारी, रामकृष्ण चक्रधारी, हीरा दास केसरिया, रामचंद्र साहू, डिगेश्वर साहू, खिलेश्वर साहू, खूबलाल साहू, नैनसिंह साहू ,पतराम यादव, तुलेश्वर साहू, रामचंद्र साहू, छत्रपाल साहू, भुवनेश्वरी साहू, डालेश्वरी साहू, मालती साहू, मीना साहू, चतुर साहू, दुलेश्वरी, शिवशंकर यादव उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

॥ श्री शिवाय नमस्तुभ्यं ॥
नींव से निर्माण तक...
वास्तु एवं संरचना एसोसिएट्स
जय माँ चंडी कंसल्टेंसी एवं कंस्ट्रक्शन
Pro.- Er. Anurag Sahu
8839477281
9000051163
बिल्डिंग डिजाइनर, इंडस्ट्रियल एंड फाइनेंस हब, प्लानर, सर्वेयर ( टोटल स्टेशन एवं डम्पी लेवल) फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे
False Ceiling & Wallpaper, Tiles & Putty Painting Sanitary, Flushed Door, Electric Fitting Plumbing, Modular Kitchen & Fabrication (Steel, Aluminium)

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### कच्चे माइंस में पौधोरोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस

**भानुप्रतापपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कच्चे आरीड़ोंगरी माइंस में कर्मचारियों ने आम, अमरूद, करंज, इमली, गुलमोहर और नीम जैसे विभिन्न पौधों का रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना और पर्यावरण को सुरक्षित बनाना था। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं के अनुरूप कर्मचारियों ने पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इस पहल से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण बनाने में मदद करेगा।

### नदी किनारे मिला युवक का शव, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम चौबेल नदी के किनारे कोरर थानांतर्गत ग्राम घोड़दा निवासी 32 वर्षीय लालचंद गावड़े का शव मिला। कोरर निवासी 25 वर्षीय मिथुल गावड़े ने इसकी जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नरहरपुर भाजपा मंडल की नवगठित कार्यकारिणी की आज प्रथम बैठक

**सरोना।** भारतीय जनता पार्टी नरहरपुर मंडल में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देते हुए आज रविवार को महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 11 बजे से मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर की अध्यक्षता में दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे। पहला कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि, विकसित भारत का अमृत काल विषय पर और दूसरी ओर नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक होगी। भाजपा नरहरपुर मंडल की हाल ही में गठित कार्यकारिणी की यह पहली औपचारिक बैठक होगी, जिसमें संगठनात्मक दिशा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और बूथ स्तर पर कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

### भारतीय जनता पार्टी मंडल अंतागढ़ की कार्यकारिणी गठित

**अंतागढ़।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश जैन के सहमति से मंडल अध्यक्ष महेश उईके ने अंतागढ़ भाजपा मंडल की कार्यकारिणी गठित की है। कार्यकारिणी में मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर, देवलाल दुग्गा, रामकुमार देवांगन, अजंतिन मंडावी, महामंत्री नकुल सेठिया, कल्पना जैन, मंत्री धर्मेंद्र वासनीकर, कुमारी साहू, ज्योति उईके, शंभूनाथ दर्रा, कोषाध्यक्ष भावशंकर सलाम, मीडिया प्रभारी भूपेश ठाकुर, कार्यालय प्रभारी टीकम तुरतुरिया को बनाया गया।

### दो युवक की मौके पर मौत पुलिस ने शुरू की विवेचना

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम भोड़िया मेन रोड में ट्रक की टक्कर से दो लोगो कि मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात ट्रक चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर सीजी 19 बीटी 6070 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे घोड़दा निवासी 27 वर्षीय डायमण्ड गावड़े और घोड़दा निवासी 39 वर्षीय अनिल गावड़े की 5 जून को सुबह साढ़े 9 बजें मौके पर ही मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत आमाकड़ा निवासी 30 वर्षीय प्रवेश दर्रो को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आमाकड़ा निवासी 29 वर्षीय योगेश कुमार दर्रो ने पुलिस को बताया कि केवटी परसकोट मार्ग पर 5 जून को अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

---

पुलिस लाइन में पहली बार हुआ परेड के साथ खेलकूद का आयोजन

# स्पोर्ट्स परेड में 150 पुलिसकर्मियों ने दिखाया दम





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस जवानों के फिटनेस, स्टेमिना व अनुशासन को ध्यान में रखते हुए उन्हें मोटिवेट करने के लिए पुलिस लाइन में पहली बार स्पोर्ट्स परेड का आयोजन किया गया जिसमें 150 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने नवाचार करते हुए पुलिस लाइन में इस सप्ताह परेड में स्पोर्ट्स को शामिल किया गया। इस प्रकार की प्रतियोगिता से जवान शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ रहते हैं। इसके साथ ही टीम भावना का भी विकास होता है। स्पोर्ट्स परेड में मुख्य रूप से रस्साकसी, रिलेरेस, स्लो साइकिल रेस, पुशअप कम्पिटिशन व व्हालीबाल खेल का आयोजन हुआ।

रस्साकसी के लिए महिलाओं व पुरूषों की दो-दो टीम बनाकर उनके बीच प्रतियोगिता कराई गई जिसमें खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। स्लो साइकिल रेस में खिलाड़ियों ने अपना बैलेंस बनाकर धीरे-धीरे साइकिल चलाई। अंतिम में पहुंचने वाला खिलाड़ी विजेता बना। स्लो साइकिल रेस में तीन खिलाड़ी आरक्षक राजू साहू प्रथम, पीतांबर राजपूत द्वितीय व संतोष तिवारी तृतीय रहे। रिलेरेस में चार टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इसके बाद पुशअप प्रतियोगिता हुई जिसमें दस लोगों ने 50 से अधिक पुशअप लगाए। पुशअप में आरक्षक खिलेश देवांगन प्रथम, प्रआ तेरसराम द्वितीय व एएसआई चंद्रशेखर गेडाम तीसरे स्थान पर रहे। स्पोर्ट्स परेड में 150 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

स्पोर्ट्स परेड में डीएसपी मीना साहू, आजाक डीएसपी मोनिका मरावी, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, निरीक्षक टुमनलाल डड़सेना, एसआई अजयसिंह सहित जिले के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## उमरगांव में श्रीराम, सीता लक्ष्मण, केंवट की मूर्ति स्थापित



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम उमरगांव के पथर्रापारा में श्रीराम, माता सीता सहित लक्ष्मण को केंवट के नौका पार वाले दृश्य की प्राण- प्रतिष्ठा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर की गई। ग्राम के दिलीप निषाद, पत्नी उमा निषाद द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा की गई। सबसे पहले गांव की गलियों में बाजे - गाजे के साथ कलशयात्रा निकाली गई फिर पुरोहित द्वारा विधि विधान से पूजन किया गया। रात्रि में बिरगुड़ी मानस परिवार द्वारा श्री रामजी की महिमा का का बखान किया गया फिर महाआरती की गई। इस अवसर पर फलेंद्र साहू, महेश पुजारी, लक्ष्मीनाथ काशिव, तुकाराम निषाद, नारायण दास, टिकेश सेन, बेददास मानिकपुरी, चन्द्रभान यादव, रामसिंह, धनेश राम ध्रुव समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## 250 फलदार एवं वानिकी पौधों का किया रोपण

**धमतरी।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद, धमतरी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 250 फलदार एवं वानिकी पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक एक पेड़ मां के नाम 2.0 था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम चर्रा की उपसरपंच श्रीमती ललिता यादव उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरूआत हेमंत टोप्पो अधिष्ठाता, उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कुरूद, धमतरी ने की। अधिष्ठाता ने छात्र-छात्राओं को विश्व पर्यावरण दिवस का महत्व बताया गया, साथ ही 1-1 पौधा रोपण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रागंण एवं अन्य स्थलों पर 2-2 फलदार पौधों का रोपण किया गया एवं भविष्य में छात्र-छात्राओं ने रोपित पौधों की देखभाल करने का सकंल्प लिया।

## लुप्त हो रही ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने की जरुरत : राणा



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी सिहावा पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी में पूर्व कलेक्टर जीआर राणा पहुंचे। अध्यक्ष आरएल देव, संरक्षक केएस श्रीमाली ने उनका आत्मीय स्वागत किया । श्री राणा ने अपने उद्बोधन में सिहावा क्षेत्र की पौराणिक कथाओं का वर्णन करते हुए वर्तमान में लुप्त हो रही ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा और उनके संवर्धन हेतु क्षेत्र की जनता और विशेषकर पेंशनर समाज को आगे आने तथा शोध कार्य के द्वारा उनकी जानकारी एकत्रित करने हेतु प्रयास करने की बात कही। श्री राणा ने अपने द्वारा प्राप्त विश्व रिकॉड्र्स के बारे में भी जानकारी दी।

पेंशनर्स समाज की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराने पर उन्होंने आगामी चर्चा में बात रखने के बारे में जानकारी दी। मौके पर बीएस सुरेशा, पीआर चंद्रवंशी, एलएस गजपाल, अलका गजपाल, शकुन कश्यप, आरमाण्डले, केआर सिन्हा, जीसी साहू, एलएल नाग, एसके नाग, जीएस वर्मा, एमएल साहू एसपी ग्वाले समेत बड़ी संख्या में पेंशनर्स समाज के सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी एसपी ग्वाले ने दी।

## नाटक गगन दा मामा बाज्यो को मिला द्वितीय पुरस्कार



- आकाशगिरी को बेस्ट डायरेक्टर और सोहन को नेगेटिव रोल के लिए मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजनंदगांव थिएटर ग्रुप द्वारा एकल नाट्य स्पर्धा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनादगांव में आयोजित की गई थी जिसमें शाश्वत उत्सर्ग युथ थिएटर ग्रुप धमतरी के कलाकारों ने पीयूष मिश्रा द्वारा लिखित गगन दा मामा बाज्यो की प्रस्तुति दी। यह नाटक दरअसल शहीद भगत सिंह के संघर्ष की दास्तान है। बेशक भगतसिंह इस धरती पर अधिक समय तक जीवित नहीं रहे पर वे हर भारतीय के दिलों में आज भी जिंदा हैं। नाटक में भगत सिंह की उस सोच को भी शामिल किया है जिसमें उन्होंने आज के हिंदुस्तान की कल्पना कर ली थी। इस नाटक का निर्देशन आकाशगिरी गोस्वामी, डिजाइन और तकनीकी मार्गदर्शन पीएस मलतियार ने किया।

इस प्रतिस्पर्धा में आकाशगिरी गोस्वामी को बेस्ट डायरेक्टर और सोहन साहू को नेगेटिव रोल के लिए प्रथम स्थान और इस नाटक को द्वितीय स्थान मिला। इस उपलब्धि पर रंगकर्मी कुमेश्वर राजकुमार सिन्हा, सचिन सोनी, दीपक लखोटिया, दीप शर्मा, डुमन लाल ध्रुव, सरिता दोशी, मदनमोहन दास, उमेश बशिष्ट, प्रशांतगिरी, मनोज बंछोर, लक्ष्मी नारायण सिन्हा, डॉ चन्द्रशेखर बांधे, गोपी कुर्रे, सोमनाथ साहू, पुष्कर चंद्राकर, दीया साहू, प्रियांशी मिश्रा समेत अनेक कलाप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेटों ने रोपे पौधे

- पेड़ पौधों की कमी से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा : दिनेश्वर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम से बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा पौधे लगाए गए। इस योजना के तहत 5 जून से 30 सितंबर तक वृक्षरोपण गतिविधियां महाविद्यालय में की जाएंगी। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया और पिछले एक दशक में भारत के वन क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश के सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जनभागीदारी सदस्य विजय साहू ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक सांकेतिक भाव है। अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का उद्देश्य जहां जीवन को पोषित करने में माताओं की भूमिका का सम्मान करना है वहीं अपनी गृह को स्वच्छ बनाएं रखने में अपना योगदान देना भी है। जनभागीदारी सदस्य राकेश मौर्य ने कहा कि कोई भी व्यक्ति एक पेड़ लगाकर अपनी मां को एक स्थाई स्मृति भेंट कर सकता है। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम ने कहा कि पेड़ पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। मौके पर जन भागीदारी समिति के सदस्य सुभाष चंद्राकर, वेदप्रकाश साहू, प्रो. पीसी चौधरी, प्रो. अमित साहू, एनएसएस जिला संगठन प्रो. निरंजन साहू, प्रो. किशोर कुमार चेलक, एनएसएस प्रभारी प्रो. भीखम साहू, डॉ. सीमा साहू, प्रो. राजेश चौरसिया समेत एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

### नशामुक्ति केंद्र में पर्यावरण दिवस मनाया गया

**धमतरी।** हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हमें प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है और पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति केंद्र के संचालक डॉ मनोज साहू के दिशा निर्देश पर पौधरोपण हुआ। मौके पर नशा मुक्ति केंद्र की प्रबंधक सरिता यादव, सामाजिक कार्यकर्ता नेहा देवांगन एवं सिद्धार्थ मेश्राम, काउंसलर योगिता देवांगन, केयर टेकर धनंजय निषाद समेत अन्य शामिल रहे।

अमन चैन, शांति के लिए अल्लाह से दुआ मांगी गई

# ईदगाह में हुई ईद-उल-अजहा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ईद-उल-अजहा (बकरा ईद) का त्योहार मुस्लिम समाज द्वारा शनिबार को उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह ईदगाह में नमाज पढ़ी गई। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद उल-अजहा की मुबारकबाद पेश की। जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद रहमानी रजा मिस्बाही ने ईदे कुर्चा पर तकरीर की। अल्लाह की रजा के लिए की जाने वाली कुर्बानी पर तफसील से बयान देते हुए मुस्लिम भाइयों से इस खास दिन पर अपने अंदर की बुराई को खत्म कर एक-दूसरे के साथ मोहब्बत और भाईचारगी से पेश आने का पैगाम दिया। साथ ही देश और प्रदेश की अमन चैन, शांति के लिए अल्लाह से खास दुआ की गई।



शनिवार को बकरा ईद के मौके पर जामा मस्जिद में सुबह 5.50 बजे पहली जमाअत की नमाज हुई। नायब इमाम हाफिज तौहीद आलम ने नमाज पढ़ाई। इसके बाद इंदगाह में सुबह 10 बजे दूसरी जमाअत की नमाज में बड़ी तादाद में शहर और ग्रामीण अंचल के मुस्लिम भाई शामिल हुए। जहां जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलामा मोहम्मद रहमानी रजा मिस्बाही ने नमाज पढ़ाई। अपने मुल्क हिंदुस्तान, छत्तीसगढ़ राज्य और धमतरी में अमन-चैन, शांति के लिए खास दुआ की गई।

अंजुमन इस्लामिया कमेटी धमतरी द्वारा ईद-उल-अजहा के मौके पर ईदगाह में नमाज के लिए खास इंतजाम किया गया। धूप से बचने के लिए शामियाना लगाया गया। पेयजल की माकूल व्यवस्था की गई। उल्लेखनीय है कि बारिश होने पर मस्जिदों में नमाज होने का ऐलान किया गया था। लेकिन बारिश न होने की वजह से ईदगाह में नमाज हुई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शहर की सभी मस्जिदों, प्रमुख चौक तथा ईदगाह व इसके आसपास पुलिस जवान तैनात रहे।

## पौधारोपण के साथ उसकी सुरक्षा भी जरूरी : कुलेश्वर



- कोसमर्रा स्कूल में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शाउमावि कोसमर्रा में विश्व पर्यावरण दिवस पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष खेमेश्वरराव वाकड़े, अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति, कुलेश्वर साहू सरपंच कोसमर्रा, चैतराम साहू प्राचार्य, इको क्लब प्रभारी एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर, पुष्पेन्द्र गुरु व्याख्याता, अनिल साहू शिक्षक, वरिष्ठ नागरिक प्रेमलाल साहू, रेवाराम, संदीप, रासेयो एवं इको क्लब के छात्र छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष खेमेश्वरराव वाकड़े ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु हम सभी को एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए। सरपंच कुलेश्वर साहू ने कहा कि पौधरोपण के साथ उसका संरक्षण अनिवार्य है। प्राचार्य चैतराम साहू ने कहा कि सामूहिक प्रयास से अधिक से अधिक पौधरोपण करे।

वासुदेव कुमार सोनबेर इको क्लब प्रभारी ने कहा कि विद्यालय में रासेयो एवं इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे, बागवानी में विभिन्न प्रकार के फूल लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने, पौधों की कटाई न करने, अपने जन्म दिवस पर मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर इको क्लब एवं रासेयो के छात्र-छात्राएं तारिणी साहू, जागृति, चित्ररेखा, समीक्षा, लक्ष्मी, तारिणी विश्वकर्मा, कुणाल, सुधीर कुमार एवं आशीष कुमार उपस्थित थे।

## माकरदोना में तहसीलदार ने रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम माकरदोना में आम, काजू, बादाम, नीम, काला जामुन, जाम, अशोक, करंज, बरगद के पौधे लगाए गए। मौके पर तहसीलदार ख्याति कंवर, राजस्व निरीक्षक संजय सोनी, पटवारी योगेंद्र श्रीमाली, सरपंच माकरदोना, कुशल कुंजाम, ऋषि कपूर गंगेले, लक्ष्मी धनेशकर, विरेंद्र कुमार कुंजाम, दीपक मरकाम, झंकार शर्मा, कोटवार सुदर्शन, सुरेश दास, सूर्या, गोविंद उपस्थित थे।

## पर्यावरण दिवस पर स्वयं सेवकों ने किया पौधारोपण









हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून गुरुवार को धमतरी नगर सहित जिले में संघ की विभिन्न शाखाओं में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण करने के पश्चात उसे संरक्षित और संवर्धित करने का संकल्प भी लिया गया।

नूतन स्कूल स्थित शिवाजी प्रभात शाखा में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। प्रातः 6 बजे संवत होने के बाद नित्य क्रिया पश्चात 6.30 बजे स्वयंसेवकों ने स्कूल परिसर में आंवला का पौधा रोपा। इसके बाद उसमें ट्री गार्ड लगाकर उसे संरक्षित करने की शपथ ली। ज्ञात हो कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने धमतरी नगर इकाई ने निर्णय लिया था। नगर की प्रत्येक शाखा में जोन प्रभारियों को दायित्व दिया गया था। विंध्यवासिनी शाखा में रवि शर्मा, रौनित सहारे, शिवाजी शाखा में मनोज साहू, राजू सोनकर, जालमपुर शाखा में रूपेन्द्र साहू, योगेश साहू, श्रीराम प्रभात शाखा में राजेंद्र पटेल, सागर निर्मलकर, दानवीर प्रभात शाखा में दानीराम सिन्हा, ऋषिकांत सिन्हा और जगतजननी प्रभात शाखा में शैलेष चंद्राकर, फनेश्वर पिथौरा को पौधरोपण कार्य करवाने प्रभारी बनाया गया था। इनके नेतृत्व में विंध्यवासिनी प्रभात शाखा में बेल का पौधा, श्रीराम प्रभात शाखा में नीम, जालमपुर में आंवला, दानवीर प्रभात शाखा में पारिजात का पौधा, मां जगतजननी में बरगद का पौधा लगाया गया। वहीं जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर ने जाम का पौधा अपनी शाखा में लगाया। पौधरोपण कार्यक्रम में नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र, नगर कार्यवाह मोहित साहू, सहकार्यवाह रविप्रकाश शर्मा, प्रतापराव कृदत, शिवाजी साहू, राजू सोनकर, योगेश साहू, राजकुमार पटेल, राधोराव रणसिंह, विनोदराव रणसिंह, घनश्याम साहू, उत्तर साहू, नितेश कुंभकार, नोहर देवांगन, धरमसिंह साहू, राजू तिवारी, लेखराम नेताम, हरलाल साहू, शैलेंद्र साहू, अक्षय सोनी, रेणु निर्मलकर, विशाल ब्रह्मे, अमिताभ साहेब, वेदू साहू, शत्रुघन पांडे, राकेश साहू आदि उपस्थित थे। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचार प्रमुख उमेशसिंह बशिष्ट ने दी है।

## खबर संक्षेप

### शामा विद्यालय नियानार में पौधारोपण

**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुकार फाउंडेशन की ओर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नियानार में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पुकार फाउंडेशन से अध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह,उपाध्यक्ष रुखसार बानो, सचिव बसंत मिश्रा, कोषाध्यक्ष छत्रपति शर्मा और स्कूल प्रबंधन से सुश्री प्रीति यादव,सुरेखा मिश्रा,मधुबाला मिंज,सोनी झा, उषा ध्रुव, सुश्री मोहनवती ध्रुव, यशोदा, कुउन्नति यादव, कु. प्रगति यादव,रोहित सरोज,सैय्यद सरफराज, हरीश चंद्र साहू, नीतिश दास, उपस्थित थे। स्कूल प्रबंधन का भरपुर सहयोग मिला।

### अतिक्रमण न कर वनों की वृद्धि व सुरक्षा करने की दी समझाइश

**जगदलपुर।** वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने सभी ग्रामीणों के साथ मोकागांव वन क्षेत्र का सामूहिक भ्रमण किया गया। ग्रामीणों को अतिक्रमण न करते हुए वनों की वृद्धि एवं सुरक्षा करने की समझाईश दी गई। ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किया गया था, उनके विरुद्ध वन अपराध कायम किया गया। अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को जंगल से होने वाले लाभ एवं नुकसान से अवगत कराया गया, जो व्यक्ति वन अधिकार प्राप्त किए है। उनके द्वारा भी यदि अधिक क्षेत्र में अतिक्रमण किया जाता है तो उनके उपर भी कार्यवाही की जाएगी, पूर्व में मोकागांव वन ग्राम था। वर्तमान में राजस्व ग्राम बनाया गया है, पर जो व्यक्ति पूर्व में काबिज थे वे 16 ग्रामीण आज भी काबिज है। बस्तर जिले के करपावंड वन परिक्षेत्र के अंतर्गत मोकागांव में हो रहे अतिक्रमण पर वन प्रबंधन समिति मोकागांव में 7 जून को बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सरपंच, पंच, समिति अध्यक्ष, वन परिक्षेत्र अधिकारी करपावंड, उप वन मंडलाधिकारी बस्तर शामिल रहे।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने 24 घरों में सर्वे कर 122 लोगों की जांच की

**जगदलपुर।** बस्तर जिले अंतर्गत दरभा ब्लॉक के उप स्वास्थ्य केंद्र चिढ़पाल के अंतर्गत आने वाले जूनापानी पारा में सामान्य से अधिक उल्टी-दस्त प्रकरण मिलने पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेगानार के प्रभारी आरएमए सुभाष राजवाड़े की नेतृत्व में किया गया, जिसे आज भी जारी रखा गया है। चिड़पाल उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी रविंद्र बघेल आरएचओ और पद्मिनी मौर्य एएनएम द्वारा जूनापानी पारा के सभी 24 घरों में सर्वे कार्य किया गया और 122 लोगों की जांच की, जिसमें कोई भी नया मरीज नहीं पाया गया।

### खेत-खलिहान, सब्जी बाड़ी की जमीन का कटाव बढ़ेगा, बाढ़ का पानी बस्ती में घुसेगा

# रेत माफियाओं ने महानदी को खोदकर बना दिया तालाब, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महानदी की स्थिति दिनोंदिन खराब होती जा रही है। रेत निकालने के लिए माफिया महानदी के नीचे तक खुदाई करने में लगे हैं।

चेन माउंटेन मशीन से तटीय इलाकों में 20 से 25 फीट तक खुदाई करके तालाब बना दिया है, जो ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। गड्ढों में छोटे बच्चे गिरकर फंस रहे हैं। बारिश में पानी का जमावड़ा 20 से 25 फीट तक हो सकता है जो ग्रामीणों के लिए खतरा साबित होगा। तटीय इलाकों का कटाव बढ़ेगा, बाढ़ का पानी गांवों में घुस सकता है। 20 फीट गहराई तक बाढ़ का पानी बहने से बड़ा भंवर बन सकता है, तो आसपास के इलाकों की तटीय जमीन, पेड़-पौधे, खेत-खलिहान, सब्जी बाड़ी को नुकसान हो सकता है। किनारे में मोटी रेत की परत रहने से बाढ़ का पानी गांवों तक नहीं पहुंचता था। अब स्थिति विपरीत है। बाढ़ का पानी नदी को छोड़कर तटीय इलाकों को नुकसान पहुंचायेगा।

यह स्थिति ग्राम कोलियारी, अमेठी, कलारतराई, परसुली, दर्री, खरेंगा, देवपुर, दोनर, देवरी जैसे तटवर्ती गांवों की है। क्षेत्र के ग्रामीण लखन साहू, नरोत्तम ध्रुव, शिव शर्मा, राजू साहू, रामखिलावन ध्रुव, अंजोरसिंह यादव का कहना है कि रेत माफियाओं के अवैध रेत उत्खनन का नतीजा यह है कि अब महानदी में रेत ही नहीं है। महानदी बंजर हो गई है। रेत माफिया अब महानदी की 20 से 25 फीट तक खुदाई कर रहे हैं। मना करने पर ग्रामीणों को पीटने लठैत भेजते हैं। गड्ढा होने से लोगों की मुसीबत बढ़ गई है।

#### बच्ची बाल-बाल बची, पिता ने कलेक्टर से लगाई फरियाद

दर्री रेत खदान में 20 से 25 फीट गहरा गड्ढा होने से एक बच्ची खेलते-खेलते गिरकर फंस गई है। गनीमत है कि लोगों की नजर उस बच्ची पर पड़ी और गड्ढे से उसे बाहर निकाला। आक्रोशित पिता बेटी को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा और ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। यही स्थिति सभी तटवर्ती गांवों की है, जहां से माफिया मिट्टी, रेत खोदकर ले जा रहे हैं।

## निगम टीम ने तीन दिन में 28 आवारा मवेशी पकड़े



नई मंडी से लेकर अर्जुन चौक तक चलाया गया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम की ओर से आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। निगम की विशेष टीम द्वारा तीन दिन से नई मंडी से लेकर अर्जुन चौक तक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 28 आवारा मवेशियों को पकड़ा गया, जिन्हें सुरक्षित रूप से अर्जुनी स्थित गोठान में छोड़ा गया है। अभियान का उद्देश्य शहर में बढ़ते आवारा मवेशियों की समस्या पर नियंत्रण पाना है, जिससे नागरिकों को सड़क दुर्घटनाओं, यातायात अवरोध और सफाई व्यवस्था में आ रही परेशानियों से राहत मिल सके। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि कई बार चेतावनी के बावजूद पशु मालिक अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं, जिससे वे शहर की सड़कों पर घूमते हुए न सिर्फ ट्रैफिक बाधित करते हैं बल्कि दुर्घटना का कारण भी बनते हैं।

निगम आयुक्त ने कहा कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। शहर के विभिन्न क्षेत्र में टीम द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। जो भी मवेशी खुले में घूमते पाए जाएंगे, उन्हें तत्काल पकड़कर गोठान में छोड़ा जाएगा। साथ ही पशु मालिकों पर भी जुर्माना लगाया जाएगा।

## नर्सिंग विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग लिमतरा में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा बैनर एवं पोस्टर के साथ ग्राम लिमतरा में रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने प्रेरित किया गया।

पर्यावरण दिवस की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता हुई। महाविद्यालय प्रांगण में नीम, जामुन, आम के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय कुमार लाल ने कहा कि भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति किसी भी जीव को जीवन जीने के लिए हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



## 80 प्रतिभागियों ने समझी निर्यात प्रक्रिया

- निर्यात संवर्धन पर आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा रेजिन एण्ड एक्सेलिरेटिंग एमएसएमई परफार्मेंस अंतर्गत भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता के सहयोग से निर्यात जागरूकता एवं मार्गदर्शन पर कार्यशाला आयोजित की गई। स्थानीय होटल में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य एमएलएमई एवं संभावित निर्यातकों को निर्यात प्रलेखन, प्रक्रियाएं, बाजार तथा सरकारी योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान कर उनकी निर्यात क्षमताओं को सुदृढ़ करना है।

महापबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के सुरेन्द्रपुरी गोस्वामी ने जिले को एक निर्यात केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए उद्यमियों, शासकीय एजेन्सियों, जिले के निर्यातक, उद्योग एवं व्यापार संगठनों, बैंक, कृषक उत्पादक संगठन, स्वसहायता समूह संगठन वनधन संगठन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा किये जा रह प्रयासों एवं सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया। साथ ही औद्योगिक विकास नीति में निर्यात प्रोत्साहन अनुदान के विषय में भी जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ डॉ रंगराजन एवं सुमनादास ने निर्यात संबंधी सभी पक्षों पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में जिला अग्रणी प्रबंधक इन्द्रकुमार टिलवानी, जिला प्रबंधक नाबार्ड पंकज सोनटाके, चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा, प्रांतीय सचिव अजय नसीन, जिला लघु वनोपज व्यापारी संघ के अध्यक्ष इस्तियाक रोकड़िया, नगर के राइस मिलर निर्यातक तथा कृषक संगठनों के 80 प्रतिभागियों ने निर्यात सबंधी प्रक्रियाओं को समझा।

## खुशिका ने गर्मी की छुट्टियों में पपीता, काली हल्दी के पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद में कक्षा 5वीं में पढ़ने वाली छात्रा खुशिका साहू भैंसमुंडी मगरलोड ने गर्मी की छुट्टी प्रकृति के बीच गुजारी। उन्होंने 1000 से भी अधिक पपीता और 1500 काली हल्दी जैसे औषधीय पौधों को अपने हाथों से लगाया है। उसका उद्देश्य यह है कि जब स्कूल दोबारा खुले तो वह इन पौधों को अपने स्कूल में सहपाठियों को उपहार में दे सके और पर्यावरण संरक्षण का संदेश पूरे समाज में फैला सके। खुशीका का यह कार्य न सिर्फ पर्यावरण के लिए बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में भी प्रेरणादायक उदाहरण है। खुशिका के पिता तुमनचंद साहू का मानना है कि बच्चों को शुरू से ही प्रकृति से जोड़े ताकि बच्चों को इसकी कद्र हो सके। जो संस्कार बचपन में पड़ जाता है, वह जीवन में शामिल हो जाता है।

## लायनेस क्लब ने आंवला, नीम के पौधे रोपे



**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ऑल इंडिया लायनेस क्लब द्वारा पंचमुखी हनुमान नगर, पशुपतिनाथ मंदिर, राम मंदिर परिसर में एकादशी के दिन आंवला और नीम के पौधे लगाए गए और लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए जागरुक किया गया।

मौके पर लायनेस क्लब अध्यक्ष श्रीमती जानकी गुप्ता, सचिव श्रीमती श्रेया ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्रीमती नीता नेताम समेत मीना साहू, गीता साहू, गुंजा शर्मा, मंजु साहू उपस्थित थीं। सभी ने मिलकर पौधरोपण किया। इस दौरान तीन वर्षीय महाराणा प्रताप ठाकुर और पांच वर्षीय बालिका आदिशक्ति ठाकुर ने भी पौधे लगाकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

## संकुल केंद्र भोथापारा में विश्व पर्यावरण दिवस मना



**धमतरी।** संकुल केन्द्र भोथापारा नगरी में संकुल प्राचार्य श्रीमती प्रेमलता ध्रुव के मार्गदर्शन में संकुल के सभी विद्यालय प्राथमिक, माध्यमिक व हाईस्कूल के संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर अपनी संस्था में एक पेड़ मां के नाम 2.0 महाअभियान अंतर्गत विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे लगाए। प्लास्टिक मुक्त वातावरण और एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

### करगा में रंगमंच निर्माण के लिए भूमिपूजन

**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत करगा में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र प्राधिकरण के तहत 2 लाख के रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन भाठापारा वार्ड क्रमांक 17 में किया गया साथ ही पर्यावरण दिवस पर अनेक प्रकार के पौधे लगाए गए।

आवश्यकता है
सेल्समेन : 2 पद
कम्प्यूटर ऑपरेटर : 1 पद (युवक-युवती)
अनुभवी को प्राथमिकता। (संपर्क का समय 4 से 8 बजे तक)
संपर्क - अनमोल नमकीन
सिहावा रोड, धमतरी मो. 8770946004

धमतरी जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| धमतरी शहर | 5 पद | योग्यता 12 से स्नातक |
| कुरूद | 3 पद | |
| मगरलोड | 2 पद | वेतन 10000/- |
| कोड़ेबोड़ | 2 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो धमतरी शहर, कुरूद, मगरलोड, कोड़ेबोड़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें 9098324969

धमतरी - 9826114710
कुरूद - 9826882770
मगरलोड - 9340622144
कोड़ेबोड़ - 9131673165

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड,
टिकरापारा, रायपुर
(छत्तीसगढ़)

## गोजी में तीन महीने का चावल वितरण शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

शासकीय उचित मूल्य दुकान गोजी में 6 जून को पंचायत प्रतिनिधियों एवं समिति द्वारा चावल उत्सव के दौरान जून जुलाई, अगस्त तीन महीने के चावल का एकमुश्त वितरण किया गया।

इस मौके पर सरपंच जयमित्र साहू, अनुसुइया, टेमिन, भेपेंद्र, दीपा, गौरी पाल, गायत्री, परस, हुमेश, लच्छन, वंदना, पंचगण सहित विक्रेता दुलेंद्र कुमार साहू एवं राशनकार्डधारी धरमपाल, संतोष, पुरूषोत्तम, जानकी, नेहा, रामाधीन, शिवकुमारी, फुलेश्वरी, हेमलता, योगेश्वरी, हेमलाल, धनसाय, भीमा यादव, ललित साहू, बसंती साहू, ओंकार पाल, संतोष साहू, रूपचंद, रिखीराम मौजूद रहे।

### सेनचुवा में ग्रामीणों ने लगाए पौधे

**डांडेसरा(धमतरी)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम सेनचुवा के ग्रामीणों ने अलग-अलग जगहों पर पौधरोपण किया। पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक होने के लिए संदेश दिया साथ ही हर व्यक्ति को अपने जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता शुद्ध हवा, स्वच्छ पर्यावरण को बनाये रखने योगदान देने की अपील की गई।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
.सिर दर्द (माईग्रेन)
.मिर्गी.लकवा
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411